मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः12.03.2026

जूपी एप के माध्यम से आवेदिक के खाते में फ्राड की धनराशि 85,274.24/- रूपया थाना कोतवाली शहर की साइबर टीम के द्वारा वापस कराया गया-

आवेदिका रीना सिंह पुत्री अशोक सिंह निवासिनी मोहल्ला मीरसाहब की गली कदमतर थाना को0शहर जनपद मीरजापुर ने दिनांक 10.08.2025 तथा 16.08.2025 को आनलाइन फ्राड की सूचना NCRP पोर्टल पर शिकायत संख्या क्रमशः 33108250092242 तथा 33108250098459 प्राप्त हुआ था तथा आवेदिका द्वारा बताया गया कि एक जूपी ऐप के माध्यम से कुल 2,00,000/-रुपया ट्रान्सफर करा लिया गया था। फ्राड का पता चलते ही आवेदिका द्वारा साइबर कम्प्लेन कराया गया। इस सम्बन्ध में साइबर सेल थाना को0शहर टीम द्वारा जांच प्रारम्भ कर दी गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में साइबर सेल को0शहर द्वारा जांच के दौरान आवेदिका द्वारा ट्रान्सफर किये कुल धनराशि मे से 32824.30/-रुपया व 52449.94/- रुपया (कुल धन- 85,274.24/- रूपये) आवेदिका के खाते में वापस कराया गया। आवेदिका के खाते में पैसा वापस आने पर साइबर सेल थाना को0शहर की आवेदिका व आवेदिका के पुत्र द्वार भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदिक को साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर से होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बतायी गयी।

साइबर सेल टीम थाना को0शहर मीरजापुर

उ0नि0 दयाशंकर ओझा थानाध्यक्ष थाना को0शहर मीरजापुर।

म0का0 पारुल श्रीवास्तवा थाना को0शहर मीरजापुर।